


फोटोः सैयद रमीज जावेद

## छठ को लेकर रांची से शुरू की गयी दो जोड़ी ट्रेनें, यात्रियों को मिलेगा फायदा

संवाददाता। रांची

दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दक्षिणी पूर्वी रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है. राजधानी रांची से 10 नवंबर और 11 नवंबर को विभिन्न स्थानों के लिए दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है. यह ट्रेन विभिन्न स्थानों पर रुकते हुए अपने गंतव्य स्थना तक पहुंचेगी.

**हटिया-गोरखपुर छठ पूजा स्पेशल :** ट्रेन नंबर 08025 हटिया-गोरखपुर छठ पूजा स्पेशल 10 और 17 नवंबर को हटिया से 23.45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17.20 बजे गोरखपुर पहुंचेगी. वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 08026 गोरखपुर-हटिया छठ पूजा स्पेशल 11और 18 नवंबर को गोरखपुर से 19.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.50 बजे हटिया पहुंचेगी. स्पेशल ट्रेन हटिया और गोरखपुर के बीच रांची, मुरी, बरकाकाना, लातेहार, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी, मऊ, बेंथरा रोड और देवरिया सदर पर रुकेगी.

### रांची-लहेरियासराय छठ पूजा स्पेशल ट्रेन

08626 रांची-लहेरिया सराय छठ पूजा स्पेशल 09 और 16 नवंबर को 23.00 बजे रांची से रवाना होगी और अगले दिन 13 .25 बजे लहेरिया सराय पहुंचेगी. वापसी दिशा में ट्रेन नंबर 08625 लहेरिया सराय-रांची छठ पूजा स्पेशल 10 और 17 नवंबर को लहेरिया सराय से 15 .30 बजे प्रस्थान करेगी. उसके अगले दिन 3 .40 बजे रांची पहुंचेगी. स्पेशल ट्रेन रांची, लहेरिया सराय के बीच मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चंद्रपुरा, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी और समस्तीपुर में रुकेगी.

### रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन : डॉ मनोज कुमार
- सर्जरी: डॉ पंकज बोदरा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरो सर्जरी : डॉ आनंद प्रकाश
- गायनीः डॉ नीलम नलिनी
- टीबी एवं चेस्ट : डॉ ब्रजेश मिश्रा
- रेडिएशन आंकोलॉजी : डॉ रश्मि सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ रोहित कुमार झा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- स्किनः डॉ प्रभात कुमार
- ईएनटीः डॉ विनोद कुमार सिन्हा
- न्यूरोलॉजीः डॉ रुपेश प्रसाद

### सदर ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ अरुणोदय, डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरी : डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनी : डॉ मुस्सरत यामिनी और डॉ श्रुती प्रभा
- शिशु रोग : डॉ सूर्या
- हेमाटोलॉजी :डॉ अभिषेक रंजन
- सर्जिकल आंकोलॉजी : डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजी : डॉ नवीन कुमार

### शहर में आज

1. मौलाना आजाद की जयंती पर सांस्कृतिक मेला - हज हाउस , कडरू - 9:30 बजे
2. पंचायत सचिवालय स्वयसेवक संघ का धरना - राजभवन - 11 बजे
3. मौलाना आजाद की जयंती पर रक्तदान शिविर - अंजुमन इस्लामिया अस्पताल - 12:30 बजे

प्रतियोगी परीक्षा शुल्क माफी घोषणा पर भाजपा का सीएम पर पलटवार

## कार्यकाल के अंतिम महीनों में सीएम को छात्रों की याद आईः प्रतुल

विशेष संवाददाता । रांची

प्रतियोगिता परीक्षा शुल्क माफी की घोषणा पर भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पलटवार किया है. पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को घोषणा वीर मुख्यमंत्री बताया. अब मुख्यमंत्री के कार्यकाल में चंद महीने रह गए हैं, तो मुख्यमंत्री को आदिवासी- मूलवासी, छात्र, पिछड़ा वर्ग याद आ रहा हैं.मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए कि वे छात्रों की शुल्क माफी की घोषणा 4 वर्ष बाद क्यों कर रहे हैं. आखिर इन छात्रों को झामुमो के संकल्प पत्र में किए वादे के अनुसार 4 वर्षों तक बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं मिला.

झामुमो ने स्पष्ट रूप से अपने मैनिफेस्टो में रोजगार नहीं मिलने तक बेरोजगार ग्रेजुएट्स को 5000 रुपये प्रति माह और पोस्ट ग्रेजुएट को 7000 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की थी.





**उठाए सवाल**

- चार वर्षों तक बेरोजगारी भत्ता क्यों नहीं दिया गया
- सरकारी संकल्प से 1932 का खतियान क्यों नहीं लागू हुआ
- सीएम को अचानक पिछड़ा वर्ग भी क्यों याद आया

**संकल्प पत्र की घोषणा अब तक लागू क्यों नहीं हुई ?**

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह भी बताना चाहिए कि आदिवासी मूलवासी के हित में उन्होंने एक सरकारी संकल्प से 1932 के खतियान को क्यों नहीं लागू किया. उसे भूल भुलैया में क्यों फंसाने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार 4 वर्षों में 20 लाख सरकारी नौकरियां हो जानी चाहिए थी .पर अब तो हालत यह है कि सरकार मात्र 70 - 80 नियुक्तियों के भी बड़े-बड़े पोस्टर, बैनर लगाकर सूचना देती है .प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को अचानक पिछड़ा वर्ग भी याद आने लगा है .जबकि उनको आरक्षण देने के लिए ट्रिपल टेस्ट कराने को अधिसूचित पिछड़ा वर्ग आयोग अभी तक अध्यक्ष विहीन है .प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री सिर्फ घोषणाएं करते हैं और जब लोग उन्हें अपनी पुरानी घोषणा की याद दिलाते हैं तो वह नई घोषणा कर एजेंडा बदलते हैं. प्रतुल ने कहा कि प्रदेश की आदिवासी, मूलवासी जनता और युवा आगामी चुनाव में बैलट के जरिए इस वादा खिलाफी के लिए हिसाब बराबर करने को तैयार है.

### भारतीय मजदूरों को युद्ध का हथकंडा बनाना बंद करे केंद्र सरकार : एक्टू

**रांची ।** गाजा पट्टी में शांति बहाल करने की मांग पर शुक्रवार को एक्टू से संबद्ध निर्माण मजदूर यूनियन ने अल्बर्ट एक्का चौक पर फिलिस्तीन मजदूरों के पक्ष में एकजुटता प्रदर्शन किया. नियन नेताओं ने कहा कि युद्ध के माहौल में भारतीय मजदूरों को इजराइल भेजना बलि का बकरा बनाने जैसा है. भारत के मजूदरों को इजराइल फिलिस्तीन के सरजमीं पर तत्काल निर्माण के नाम पर घुसपैठ कराने में इस्तमाल करेगा. भारतीय निर्माण मजदूरों को युद्ध का हथकंडा बनाना केंद्र सरकार बंद करें. झारखंड निर्माण मजदूर, यूनियन के महासचिव भुवनेश्वर केवट ने कहा कि भारत हमेशा शांति अहिंसा का पक्षधर रहा है. अचानक से इजराइल के पक्ष में खड़ा हो जाना देश की छवि खराब करने जैसा है. मजदुर नेता भीम साहू ने कहा कि भारतीय निर्माण मजदूरों का जान सस्ता नहीं है और हम सरकार की समझौते के खिलाफ हैं. मजदूर नेता सेख साहदूल ने भ्यी अपने विचार रखा. मौके पर एकजुटता मार्च में निर्माण मजदुर यूनियन के नेता चारे भगत, एनामुल हक , सरिता तिग्गा , मोहर राम साहू , राजेश कुजूर सावना बेदिया, काली मिंज , ब्रजकिशोर साहू, सुनीता खतीजा, फुलमनी उरांव, जितेन्द्र कुमार, सधनी मुंडा आदि शामिल थे.

### आपकी बात

घरेलू हिंसा का सामना करते हुए आर्ट की दुनिया में बनायी अलग पहचान



**नाम : नवनीत कौर**
**पेशा :** होम डेकोर
**विशेषज्ञ :** वुड पेंट आर्टिस्ट
**निवास :** भुरकुंडा रामगढ़

नवनीत कौर की प्राथमिक पढ़ाई भुरकुंडा स्कूल रामगढ़ से हुई है, 12वीं की पढ़ाई उन्होंने जीएम कॉलेज से की और ग्रेजुएशन बी कॉम से किया. उन्हें बचपन से ही आर्ट का शौक था. जब उन्होंने छठी क्लास में एक कंपीटिशन में भाग लिया था, जहां वह सेकंड आयी थीं, तब से उन्होंने आर्ट की प्रैक्टिस करनी शुरू कर दी. छठी क्लास से 10वीं क्लास तक वह बोकारो, हजारीबाग में आयोजित आर्ट कंपीटिशन में जाया करती थीं. जिससे उनकी आत्मनिर्भरता आर्ट के क्षेत्र में और बढ़ी. कॉलेज में पढ़ाई के दौरान महज 19 साल की उम्र में ही उनकी शादी हो गई. ससुराल और बच्चे में उलझी नवनीत की आर्ट के प्रति रुचि मानो गुम सी हो गई थी. नवनीत बताती है कि वह जीवन में डोमेस्टिक वायलेंस ( घरेलू हिंसा ) का शिकार भी हुई हैं. जीवन में डिप्रेशन का सामना करते हुए अपने दोनों बच्चों को संभाला. उनके बच्चें भी आर्ट के फील्ड में आगे बढ़ रहे हैं. लॉकडाउन के वक्त उन्हे काफी समय मिला अपने आप फिर से मजबूत करने का. फिर उन्होंने घर पर ही आर्ट करना शुरू किया. बोतल, दीवारों, लड़कियों, साथ ही यू ट्यूब से मंडल जैसे आर्ट सीखकर उसे करना शुरू किया, जिससे उनकी माइग्रेन की समस्या भी दूर हो गई और लोगों को सोशल मीडिया द्वारा उनकी पेंटिंग पसंद आने लगी. फिर उन्होंने होम डेकोर से जुड़ी अलग-अलग आकृतियों पर पेंटिंग करना शुरू किया. एग्जीबिशन में अपने पेंटिंग्स होम डेकोर प्रोडक्ट्स को शोकेस किया. एग्जीबिशन में लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स रहा.

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने राज्य के अफसरों को चेताया

## भ्रष्ट अधिकारी राज्य सरकार का टूल बनने से बचें : बाबूलाल

विशेष संवाददाता। रांची

पूर्व सीएम और झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के अफसरों, खासकर भ्रष्ट अफसरों को चेताया है. मरांडी ने ट्वीट करके कहा है कि वे राज्य सरकार के भ्रष्टाचार की टूल न बनें. नहीं तो एक न एक दिन करनी का फल भुगतना होगा. दरअसल, मरांडी का इशारा होटवार जेल में छापेमारी के बाद हुए खुलासे की ओर था. बतातें चलें कि होटवार जेल में पिछले दिनों ईडी ने छापेमारी की थी. इसमें झारखंड के खनन और भूमि घोटालों की जांच कर रहे ईडी अफसरों को फंसाने की साजिश का खुलासा हुआ है. साथ ही ईडी को नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ सरकारी अफसरों की साठगांठ से नक्सलियों से संपर्क करने की बात सामने आयी है. इस मामले में ईडी होटवार जेल के क्लर्क, अधीक्षक और जेलर को पूछताछ के लिए तलब कर चुकी है.



**लगाए आरोप**

- एक न एक दिन करनी का फल भुगतना पड़ेगा
- इडी को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों से संपर्क

### राज्य सरकार से पूछे कई सवाल

मरांडी ने अपने ट्वीट के जरिए कहा है कि मीडिया में हर दिन नए खबरें देख रहा हूं. जेल से लेकर पुलिस प्रशासन के कुछ लोग तक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं. सभी लोभ-लालच में बारी-बारी से गलत काम कर फंसते जा रहे हैं. जेल सेवा के हामिद, नसीम, दानिश के बाद अब एसपी नौशाद आलम को ईडी का सम्मन आया है. उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से सीधा सवाल किया है. कहा कि साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम को ईडी ने विजय हांसदा को होस्टाइल करा गवाही से मुकरने में सक्रिय भूमिका निभाने के आरोप में तलब किया है.

### मेडिसिन बैंक की शुरुआत अब सदर अस्पताल में भी



**रांची।** लाइफ सेवर्स रांची के सौजन्य से सदर अस्पताल में गरीब मरीजों के लिए मेडिसिन बैंक की शुरुआत की गई. मेडिसिन डोनेशन बॉक्स में लोग अपने घर की बची दवाइयां को लाकर डाल सकते हैं. जिसका उपयोग सदर अस्पताल में आने वाले चिकित्सक गरीब मरीजों को निःशुल्क देकर उनकी मदद करेंगे. मौके पर सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि यह प्रयास सराहनीय है. शहर में जिन लोगों के घर में दवाइयां बचती हैं. वे इस मेडिसिन डोनेशन बॉक्स में लाकर दवा डाल सकते हैं. यह बॉक्स सदर अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर रखा गया है. मौके पर लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा और पराग श्रीवास्तव मौजूद रहे.

## स्वच्छ व शुभ दिवाली अभियान जारी

संवाददाता। रांची

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ दिवाली-शुभ दिवाली अभियान का सोमवार से रविवार तक चलाया जा रहा है. अभियान का उद्देश्य सांस्कृतिक तरीके से पर्व मनाने का आह्वान करना है. इस आयोजन का मकसद घरों की सफाई को प्राथमिकता देने के साथ-साथ स्रोत पृथक्करण, कचरे से धन बनाने को बढ़ावा देना, एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग से हटकर पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों को अपनाने और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना है. इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम प्रशासक द्वारा कई दिशानिर्देश दिए दिए गए हैं.



नगर निगम कार्यालय के पास लगे स्टॉल से खरीदारी करते अधिकारी.

### नगर निगम अभियान : पूरे शहर में चल रही हैं गतिविधियां

1. स्थानीय लोगों द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट को भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा रांची नगर निगम कार्यालय के समीप हैंड मेड इको फ्रेंडली प्रोडक्ट बेचे जा रहे हैं. स्थल पर कुल तीन स्टॉल लगे हैं, जिसमें 10 रुपये से लेकर 2500 रुपये तक के हैंड मेड प्रोडक्ट्स हैं. उक्त स्टॉल्स में रोशनी महिला समिति, दुर्गा स्वयं सहायता समूह, सार्थक स्वयं सहायता समूह तथा आकृति महिला समिति की महिलाओं द्वारा सामग्री बेची जा रही है. धनतेरस के शुभ अवसर पर प्रशासक अमित कुमार ने भी उक्त स्टॉल्स से कई पर्यावरण अनुकूल सामग्रियां भी खरीदी.
2. नगर निगम द्वारा स्वच्छ दिवाली हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया गया है. इसके अंतर्गत नागरिकों को स्वच्छ, हरित, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त दिवाली के लिए अभियान में भाग लेते हुए हस्ताक्षर करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है. सिग्नेचर कैंपेन से जुड़ने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर जा कर लोग शपथ ले रहे हैं https://pledge.mygov.in/swachh-diwali-shubh-diwali/ इसके अलावा स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रांची नगर निगम की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कई स्थानों पर रंगोली भी बनायी गयी है.


**क्लासिफाइड**














**खानापूर्ति** रांची नगर निगम का शहरवासियों के साथ साफ नजर आ रहा है दोहरा व्यवहार

## नगर निगम का सरकारी संस्थानों पर करोड़ों का टैक्स बकाया

तरुण कुमार चौबे । रांची

कई सालों से रांची नगर निगम का शहर के कई सरकारी भवनों पर करीब 66 करोड़ रुपये बकाया है. नगर निगम ने अपने तरफ से हर तरह के प्रयास कर लिए लेकिन रकम की वसूली नहीं कर पाया है. नगर निगम का शहरवासियों के साथ दोहरा व्यवहार साफ नजर आ रहा है. बड़े संस्थानों का करोड़ो रुपये बकाया है, वहीं दूसरी तरफ छोटे बकायेदारों के घर तक नगर निगम की टीम पैसा लेने पहुंच जा रही है.

**7 सालों से नहीं दिया है टैक्स :** नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार, शहर के केवल 18 सरकारी संस्थानों से 66 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है. इन संस्थानों ने 2016 से टैक्स का भुगतान नहीं किया है. निगम ने इन संस्थानों को कई बार नोटिस दिया है लेकिन किसी भी संस्थान ने आजतक ना टैक्स चुकाया है, ना ही कोई कारण बताया है.



### जल्द होगी वसूली

रांची में कई प्राइवेट संस्थाओं के साथ-साथ सरकारी भवनों पर भी करोड़ों का टैक्स बकाया है. नगर निगम क्षेत्र में स्थित लगभग 200 सरकारी संस्थानों ने होल्डिंग टैक्स की राशि जमा नहीं की है. इन बड़े बकायेदारों पर निगम कोई कार्रवाई नहीं करता है, सिर्फ नोटिस भेजकर कर खानापूर्ति करता है. हालांकि सूत्रों की माने तो अब निगम बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी कर चुका है. बकायेदारों को पहले नोटिस भेजा जाएगा व राशि जमा करने के लिए एक निश्चित समय सीमा दी जाएगी. इसके साथ बकायेदारों के प्रोपर्टी भी जब्त करने की भी तैयारी है.

### टैक्स वसूली में नं. 1 है नगर निगम

पिछले वर्ष टैक्स वसूलने में रांची नगर निगम नंबर 1 रहा था. इटली समेत कई जगहों से संस्थानों के प्रतिनिधि रांची नगर निगम का रेवेन्यू मॉडल समझने आते हैं. राज्य भर में सबसे ज्यादा होल्डिंग टैक्स वसूलने का रिकॉर्ड रांची नगर निगम ने बनाया है. वर्ष 2023-24 के के पहले क्वार्टर के अंत तक रांची नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स की वसूली राज्य में सबसे अधिक है. 1 अप्रैल 2023 से लेकर 30 जून 2023 तक करीब 73 हजार करदाताओं से होल्डिंग टैक्स लिया गया है. होल्डिंग टैक्स के रूप में 27, 04, 73281 रुपये जमा किया गया है. डोर-टू-डोर कलेक्शन के माध्यम से 17,53,28503 रुपये प्राप्त किए गए हैं. जबकि 3,32,67204 रुपये रांची नगर निगम कार्यालय और डोरंडा स्थित सुविधा केंद्र में करदाताओं द्वारा जमा कराया गया है. वहीं डिजिटल पेमेंट के माध्यम से करदाताओं ने होल्डिंग टैक्स के रूप में निगम के खाते में 6,18,77574 रुपये जमा कराया है.

### इन संस्थानों का टैक्स बकाया

- एचईसी - 33.88 करोड़
- खेलगांव - 10.35 करोड़
- बिरसा मुंडा जेल - 3.62 करोड़
- पंडरा बाजार - 4.30 करोड़
- बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोरहाबादी - 2.78 करोड़
- सदर हॉस्पिटल - 1.90 करोड़
- एनएचएम नामकुम - 1.19 करोड़
- जिला नजारत व जिला प्रशासन - 1.68 करोड़
- इंदिरा पैलेस हिनू - 75 लाख
- प्रोजेक्ट व अन्य भवन - 73 लाख
- कुसई कॉलोनी - 31 लाख

# शुभम संदेश

धनतेरस पर धन वर्षा

एक राज्य - एक अखबार

रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची ● शनिवार, 11 नवंबर 2023 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 205 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


### कीमत बढ़ी तो केंद्र की एजेंसी नेफेड और एनसीसीएफ ने संभाली कमान

# 25 रु किलो बाजार में बेच रहे प्याज

## अबतक 7200 क्विंटल प्याज राजधानी के बाजार में बेचे जा चुके हैं

बसंत मुंडा। रांची

राजधानी रांची के बाजारों में प्याज 50-60 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है, जबकि थोक बाजार में नए प्याज की कीमत 45-50 रु/किलो है, जबकि पुराना प्याज 44-48 रु/ किलो बिक रही है. अचानक प्याज की कीमत में बढ़ोतरी के देखते हुए केंद्र सरकार ने आम लोगों को सस्ता प्याज उपलब्ध कराने की पहल की है, ताकि प्याज को लेकर हाय-तौबा न मचे. केंद्र सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमत पर नियंत्रण के लिए नेशनल एग्रीकल्चरल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लि (नेफेड) और नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) की मार्फत लोगों को सस्ता प्याज उपलब्ध करा रही है. केंद्र सरकार की दोनों एजेंसियां शहर के बाजारों में 25 रुपये/किलो की दर से प्याज की बिक्री कर रही हैं. लोगों को 50 रुपये में दो किलो प्याज का पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है.

**2 नवंबर से राजधानी के बाजारों में एनसीसीएफ और नेफेड बेच रहा प्याज :** राजधानी के शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीसीएफ और नेफेड 2 नवंबर से 25 रुपये किलो की दर से प्याज बेच रहा है. बीआईटी, मोरहाबादी बाजार,नागाबाबा खटाल, बरियातू, धुर्वा, बिड़ला मैदान, निगम पार्क ,करमटोली इलाके में दोनों एजेंसियों की मार्फत सस्ती प्याज बेची जा रही है.अबतक 7200 क्विंटल प्याज की बिक्री एनसीसीएफ और नेफेड के माध्यम से की जा चुकी है.







### ...और इधर यह भी एक सच्चाई

नेफेड और एनसीसीएफ सस्ता प्याज बेच रहा है, लेकिन कुछ स्थानीय सब्जी बिक्रेता ही इन एजेंसियों की गाड़ियों से सस्ता प्याज खरीद कर दोगुनी कीमत पर अपनी दुकान पर बेच रहे हैं. पिछले दिनों मोरहाबादी बाजार में तो ऐसा ही नजारा देखने को मिला. नेफेड व एनसीसीएफ के वाहन से प्याज खरीद कर अपनी दुकान पर ले जाते सब्जी बिक्रेताओं की तस्वीर हमारे **फोटो जनर्लिस्ट सैयद रमीज जावेद** ने कैमरे में कैद की है.

### हर खरीदार को दो किलो का ही पैकेट

व्यापारी राकेश ने बताया कि प्याज की कीमतें बढ़ते ही केंद्र सरकार ने देश भर में लोगों को बाजार दर से आधी कीमत पर प्याज उपलब्ध करा रही है. एनसीसीएफ और नेफेड का सस्ता प्याज खरीदने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती है. ऑटो पर प्याज बेचने वाले ओमप्रकाश गुप्ता और संदीप पासवान ने बताया कि एक आदमी को एक पैकेट (दो किलो) ही दे रहे है. लेकिन ज्यादा जरूरी होने पर लोग 4 किलो भी खरीद कर घर ले जा रहे हैं. जब तक प्याज का भाव सामान्य नहीं हो जाता, तब तक प्याज 25 रुपये किलो बेचा जा सकता है.

### पर आवक कम, कैसे मिलेगा सस्ता प्याज

पंडरा कृषि बाजार के आलू-प्याज के थोक व्यवसायी मदन का कहना है कि केंद्र सरकार ने नेफेड और एनसीसीएफ की मार्फत सस्ता प्याज बेचने की पहल की तो की है, लेकिन रांची में प्याज की आवक कम है. दो-तीन दिनों के अंतराल पर एक- दो ट्रक प्याज ही आ पा रहा है,. जिससे मांग के अनुरूप प्याज लोगों को तक नहीं पहुच पा रहा है. रेगुलर बेसिस पर प्याज की सप्लाई हो, तभी लोगों को सस्ता प्याज मिल सकता है.

### दीवाली को लेकर अस्पतालों में बेड तैयार, तैनात रहेंगे डॉक्टर्स

# रिम्स में 16, सदर में 10 और अनुमंडल अस्पतालों में तीन-तीन बेड रहेंगे रिजर्व

सौरभ शुक्ला। रांची

दीवाली में पटाखों से जले हुए बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंचते हैं. आम दिनों की तुलना में तीन गुणा अधिक मरीज अस्पताल में पहुंचते हैं. इसको देखते हुए रिम्स के बर्न वार्ड में 16 बेड, सदर में दस बेड और सभी अनुमंडल अस्पतालों में तीन बेड रिजर्व किए गए हैं. रिम्स के निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने बताया कि रिम्स में 16 बेड का बर्न वार्ड पूरी तैयारी के साथ मुस्तैद रहेगा. उन्होंने बताया कि दीवाली के दिन बर्न मामलों के उपचार के लिए आठ जूनियर रेजिडेंट, एक रेजिडेंट के अलावा तीन सीनियर कंसल्टेंट ऑन कॉल मौजूद रहेंगे. बता दें कि रिम्स के सर्जरी विभाग के डॉक्टर नीशिथ ने बताया कि उपचार से अधिक जरूरी है सतर्कता. इसलिए बच्चों को पटाखे के नजदीक जाकर पटाखा जलाने से बचना चाहिए.

**सदर अस्पताल में भी दस बेड किया गया रिजर्व, अनुमंडल अस्पतालों में भी तीन बेड रहेंगे :** सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में भी मरीजों के लिए दस बेड तैयार रहेंगे. वहीं इमरजेंसी में 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सक और नर्सें मौजूद रहेंगी. उन्होंने बताया कि किसी तरह की समस्या से निपटने के लिए एंबुलेंस भी पूरी टीम के साथ तैयार रहेगी. इसके अलावा अनुमंडल अस्पतालों में भी तीन बेड जलने की समस्या वाले मरीजों के लिए रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं. इसके अलावा अभिभावकों इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि बच्चे हर हाल में बड़ों की देखरेख में ही पटाखे चलाएं.

#### जलने पर बर्फ, घी, आलू, पेस्ट का इस्तेमाल नहीं करें




### अस्थमा के मरीज 48 घंटे धुएं से बचें

रिम्स के टीबी चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ ब्रजेश मिश्र ने बताया कि अस्थमा के मरीजों को अगले 48 घंटे तक धुआं में आने से बचना चाहिए. किसी भी हाल में बाहर नहीं निकलना चाहिए. डॉ ब्रजेश ने बताया कि दीवाली के बाद पॉल्यूशन का स्तर बढ़ जाता है. ऐसे में अस्थमा के मरीजों को हॉस्पिटलाइजेशन का दर बढ़ जाता है. अस्थमा के मरीजों को धूल और धुआं से रिस्क तो रहता ही है. ऐसे में मरीजों को सतर्क रहने की आवश्यकता है.

### जल जाने पर 20 मिनट लगातार पानी से धोएं

डॉक्टरों के अनुसार बारूद या पटाखों से जलने पर अगले बीस मिनट तक लगातार पानी से धोते रहें. पेस्ट, घी, दही, बर्फ, आलू का प्रयोग नहीं करना चाहिए. इसके अलावा जब जलन कम हो जाए तो सीधा डॉक्टरों से संपर्क करना चाहिए. कई बार हल्का जला भी इंफेक्शन का कारण बन जाता है. डॉ निशिथ ने बताया कि बच्चों में दस फीसदी और बड़ों में तीस फीसदी तक जलना अधिक रिस्क का कारण बनता है. इसलिए सावधान होकर पटाखा जलाएं.

#### बरतें सावधानी

- जलने पर 20 मिनट तक लगातार जले स्थान को पानी से धोएं
- ठंड होने पर डॉक्टरों से सलाह लें
- आंखों को बचाकर पटाखे जलाएं
- छड़ी और अगरबत्ती का प्रयोग करें
- पटाखा जलाते वक्त आवश्यक दूरी बनाए रखें
- पटाखे जलाने के बाद अच्छे से हाथ धोएं
- अस्थमा और पोस्ट कोविड के मरीज दीवाली में धुआं से दूर रहें
- अस्थमा के मरीज अगले 48 घंटे इंडोर में ही रहने का प्रयास करें






### ब्रीफ खबरें

### धनतेरस पर हुई 657 रजिस्ट्री, पांच करोड़ का राजस्व



**रांची।** धनतेरस के मौके पर राजधानी रांची सहित राज्यभर में रियल एस्टेट का अच्छा-खासा कारोबार हुआ है. रियल एस्टेट के क्षेत्र में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 38 प्रतिशत ज्यादा कारोबार हुआ. इस बार रांची के पांच रजिस्ट्री कार्यालयों को मिलाकर कुल 163 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई. इसमें 21 फ्लैट की रजिस्ट्री शामिल हैं. जबकि पिछले वर्ष महज 138 दस्तावेजों का ही निबंधन हुआ था. अगर राज्य भर में धनतेरस के मौके पर रियल एस्टेट कारोबार की बात करें तो शुक्रवार को 657 रजिस्ट्री हुई, पिछले वर्ष यह आंकड़ा 452 था. सबसे ज्यादा दस्तावेजों का निबंधन रांची में ही हुआ है. राज्य भर में जमीन, घर और फ्लैट की रजिस्ट्री से सरकार को पांच करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ. वहीं सिर्फ रांची में हुई रजिस्ट्री से सरकार को करीब तीन करोड़ रुपये का राजस्व मिला.

### 1 जुलाई 2023 से ही मिलेगा महंगाई भत्ता

**रांची।** राज्य सरकार के कर्मियों को 4 प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2023 की तिथि से मिलेगा. 1 जनवरी 2016 के प्रभाव से सातवें वेतन पुनरीक्षण के तहत आनेवाले सभी कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा. इसे लेकर वित्त विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है. बता दें कि झारखंड सरकार ने केंद्र के अनुरूप अपने कर्मियों का महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत से बढ़ाकर 46 प्रतिशत करने का निर्णय तीन नवंबर को लिया था. **क्या है संकल्प में :** -झारखंड सेवा संहिता के पारिभाषित नियम 34 (ए) के अनुसार मूल वेतन पर महंगाई भत्ता देय है. मगर विशेष वेतन एवं वैयक्तिक वेतन पर यह देय नहीं होगा.







# दिवाली बाजार : लुभा रहे ग्रीन पटाखे, जमकर हो रही खरीदारी

जयंती कच्छप। रांची



राजधानी रांची में शुक्रवार को पटाखा बाजार में रौनक रही. लोग अपने बच्चों के लिए पटाखे खरीदते नजर आए. इस वर्ष पटाखे की कई तरह की वेरायटी उपलब्ध हैं, जिनमें जॉय, आईसएज, मुर्गा छाप, मैच, रेनजर, ड्यूलक्स व अन्य. जयपाल सिंह स्टेडियम स्थित पटाखा बाजार के अजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष प्रदूषण न बढ़े, इसको ध्यान में रखते हुए ग्रीन और कम ध्वनि प्रदूषण करने वाले पटाखे हैं. बच्चों के लिए स्पेशल कम प्रदूषण वाले हेलिकॉप्टर के ग्रीन पटाखे बड़ों के लिए स्काई शॉट उपलब्ध हैं. आलूबंब, चकरी, फूलझड़ियां, स्काई शॉट, रॉकेट, चटाई बंब अन्य पटाखों की कीमत 100 रुपये से लेकर 8 हजार तक के बिक रहे हैं.

लोगों से बात करने पर यह मालूम हुआ कि लोग दीपावली में लोग पटाखे खरीदते वक्त काफी खुश थे. उन्होंने कहा कि अब जितना भी पटाखे जलाएं, वे सभी प्रदूषण फ्री हैं. इस वर्ष किसी भी तरह का दबाव नहीं है कि ज्यादा पटाखे फोड़ने से प्रदूषण होगा.

## गिफ्ट बास्केट की बढ़ी डिमांड



**रांची।** दिवाली में लोग अपने सगे संबंधियों, परिवार वाले एवं दोस्त-रिश्तेदार सभी को उपहार देते हैं. आज के आधुनिक दौर में लोगों के पास वक्त की कमी के कारण उपहार खुद से नहीं बनाते. लोगों के बीच बनी बनाई गिफ्ट बास्केट डिमांड में हैं. गिफ्ट बास्केट में टॉफी, गुजियां, काजू, किशमिश, चॉकलेट, आम के अमावट, फ्रूट जूस, किटकैट, कुकीज, सेब, संतरा और अन्य कई चीजें. इस गिफ्ट बास्केट की डिमांड इतनी हैं कि लोग प्री बुकिंग कर ऑडर कर रहे हैं. गिफ्ट बास्केट में सबसे छोटे बास्केट की कीमत 800 रुपये एवं सबसे बड़े बास्केट 7500 रुपये के हैं. गिफ्ट बास्केट में बहुत तरह के वेरायटी उपलब्ध हैं. इनमें फ्रूट बास्केट, चॉकलेट बास्केट, मिक्स चॉकलेट फ्रूट बास्केट हैं. एक गिफ्ट बास्केट दुकान के मुकेश ने बताया कि लोगों की जिस तरह की डिमांड होती हैं वैसा बास्केट हम बना कर देते हैं.

## आओ जानें

## शाहपुर का चांदनी किला

**परिचय–** झारखंड का एक धरोहर है शाहपुर का चांदनी किला.

**स्थान–** यह किला पलामू के जिला मुख्यालय डालटनगंज से लगभग दो मील की दूरी पर उत्तरी कोयल नदी के तट पर अवस्थित है.

**स्थिति–** यह ऐतिहासिक धरोहर इन दिनों अत्यंत दयनीय अवस्था में पहुंच गया है. किले का अधिकतम हिस्सा ध्वस्त हो चुका है. एक दो कमरों की दीवारें खड़ी हैं, जो इस किले का अहसास कराने के प्रयास में लगी हैं. इस किले के कुछ भागों पर अतिक्रमण भी हो चुका है. कोयल नदी पर पुल बनने से पूर्व जहां शाहपुर का किला डालटनगंज में कोयल नदी के तट पर खड़ा होते ही साफ–साफ दिखायी पड़ता था, वहीं आसपास के सटे भवननिर्माण और अतिक्रमण के चलते लोगों से पूछना पड़ता है कि शाहपुर का चांदनी किला किधर है. यदि इस किले के प्रति सरकार और प्रशासन की लापरवाही का यही आलम रहा तो यह ऐतिहासिक धरोहर इतिहास के पन्नों मे समा जाएगा.

**इतिहास –** शाहपुर किले के निर्माण 1770 के दशक में तत्कालीन चेरोवंशीय राजा गोपाल राय ने कराया था. चेरो सत्ता के अवसान काल में पलामू का राज–काज यहीं से संचालित होता था. 21 मार्च 1771 को पलामू किला अंग्रेजों के नियंत्रणाधीन हो जाने के बाद वर्षों तक शाहपुर किला में ही राजा का निवास रहा था. बताया जाता है कि शाहपुर किला से पलामू किला तक सुरंग बनी हुई थी.



## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष:** सप्तम चंद्र से आय के द्वार खुलेंगे. कार्य के लिए समय अनुकूलता देगा. व्यापार के लिए स्थिति सुखद रहेगी. बहन का सहयोग मिलेगा. रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवनसाथी का सहयोग और सांनिध्य मिलेगा.

**वृषभ:** समय अच्छा है, पर मौसमी रोग से बचें. आमोद-प्रमोद का अवसर प्राप्त होगा. भागदौड़ रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. ऋण लेने से बचना चाहिए. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**मिथुन:** सर्दी-बुखार से स्वास्थ्य पर असर होगा. संतान के कार्य से लाभ होगा. शिक्षा में लाभ होगा. रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. रिश्तों में मधुरता आएगी. भागदौड़ रहेगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी.

**कर्क:** किसी से विवाद हो सकता है. पर धन की स्थिति सुखद रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी. भागदौड़ की स्थिति सुखद रहेगी. कोई नुकसान हो ऐसा कार्य नहीं करे. साथ ही सूर्य को अर्ध्य दें.

**सिंह:** आय का अटका मामला ठीक होगा. किसी प्रकार का आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं. कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा प्रभावित हो. किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाए.

**कन्या:** शाम में कोई पार्टी हो सकती है, पर खर्च पर नियंत्रण करें. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आय होने से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. शासन सत्ता का सहयोग रहेगा. गणेश जी का ध्यान पूजन करें.

**तुला:** कार्य होने से मानसिक संतुष्टि होगी. समय अनुकूल है. जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी. संबंधों में निकटता आएगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी, लेकिन जीवनसाथी से तनाव मिल सकता है. लक्ष्मी माता को लाल फूल अर्पण करें.

**वृश्चिक:** पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा. आपके व्यवहार से आय और धनमें वृद्धि होगा. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी.

**धनु:** समय बहुत ही अनुकूल है. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. किसी अपने से कोई लाभ होगा. साथ ही उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. अपनों के सहयोग से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा.

**मकर:** कोई शुभ कार्य होने से मन खुश होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. रिश्तों में मजबूती आएगी. आलस का त्याग करें. कार्य पर ज्यादा ध्यान दें. दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा. पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**कुंभ:** शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे.आपके किसी अपने के विवाह से सम्बंधित शुभ और सुखद समाचार मिलेगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शनि चालीसा का पाठ और छाया दान करना चाहिए.

**मीन:** किसी परिचित मित्र से सहयोग होगा. आपके अथक प्रयास से रिश्तों में मधुरता आएगी. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी. स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें. आपके मेहनत से धन आएगा. घी का दीपक विष्णु भगवान को दिखावें.

### दिवाली पर जैनी निर्वाण उत्सव मनाएंगे, बंग समुदाय करेगा मां काली की पूजा

# गुजराती समाज नववर्ष मनाएगा

संवाददाता। रांची

गुजराती समाज के लिए दिवाली नववर्ष की सौगात लेकर आता है. इस मौके को समाज के लोग पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं. खुद का परिवार ही नहीं, पूरा समाज एक स्थान पर इकट्ठा होकर खुशियां बांटते हैं. एक-दूसरे को नवर्ष की बधाई देते हैं. स्वादिष्ट व्यंजन और मिठाइयों के क्या कहने? अपनी पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में कोई कसर नहीं छोड़ते. सभी साथ मिलकर बीते वर्ष की विदाई और नये साल का स्वागत ही नहीं करते, बल्कि पंचमी तक उत्सव के रंग में रमे रहते हैं. समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसी पटेल ने बताया कि पटेल गुजराती धर्मशाला, लालपुर और गुजराती स्कूल, लालजी हीरजी रोड में नये साल का उत्सव मनाया जायेगा.

**जैन समाज :** जैन समाज के लिए दिवाली भगवान महावीर के निर्वाण उत्सव की सौगात लाता है. दीपावली के दूसरे दिन सुबह मंदिरों में श्रीजी को निर्वाण लड्डू चढ़ाया जायेगा. दिगंबर जैन मंदिर, जेजे रोड और वासुपूज्य जिनालय रातू रोड में इसके लिए विशेष आयोजन किये जा रहे हैं. मंत्री पंकज पांड्या ने बताया कि आर्यिका विभाश्री माता जी के सान्निध्य में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु अपने इष्ट को निर्वाण लड्डू चढ़ायेंगे.

**बंग समुदाय :** बंग समुदाय के लिए दिवाली पर मां काली की आराधना का अलग ही महत्व है. वांग्ला मंडपों, काली स्थानों और विविध पूजा पंडालों में पूजनोत्सव की धूम रहेगी. अमावस्या की स्याह रात में मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु श्रद्धा निवेदित करेंगे.



राजधानी के कलाकृति आर्ट सेंटर में दिवाली को लेकर विद्यार्थियों ने बनाई आकर्षक रंगोली.

## धनतेरस के साथ पांच दिनी दीपोत्सव शुरू



रांची। धनतेरस के साथ पांच दिनी दीपोत्सव शुरू हो गया. लोगों ने जहां दिनभर साफ-सफाई की, वहीं जमकर खरीदारी भी की. भगवान धनवन्तरि, कुबेर और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना में रमे रहे. सांझ ढलते घर-आंगन जगमगा उठा. चहुंओर रंग-बिरंगी रोशनी की मनोहारी छटा देखते ही बन रही है. शनिवार को दूसरे दिन रूप चौदस श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. 12 नवंबर को दीपावली की धूम रहेगी. श्रद्धालु नेम-निष्ठा और श्रद्धाभाव से माता लक्ष्मी और श्रीगणेश जी की नवीन प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना करेंगे. धन की देवी और प्रथम पूज्य का आह्वान कर सब दिन धन-धान्य बनाये रखने का आशीष मांगेंगे. इसी रात मां काली की भी विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी. शहर के विभिन्न पूजा पंडालों के आस-पास का वातावरण वैदिक मंत्रों से अहले सुबह तक गुंजायमान रहेगा. पूजन के बाद आम भक्तों के दर्शन के लिए मां का पट खोल दिया जायेगा. फिर तो दीपोत्सव का रंग और भी गहरायेगा. सनातनी मां काली का दर्शन कर दीपावली की खुशियां मनायेंगे. सोमवार को चौथे दिन प्रकृति का पर्व गोवर्धन पूजा किया जायेगा. लोग इस दिन घरों और मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव मनायेंगे. गौ माता की पूजा भी करेंगे. मंगलवार को भाई-बहनों का त्यौहार भाई दूज मनाया जायेगा. चित्रांश इस दिन चित्रगुप्त भगवान और कलम-दवात की पूजा-अर्चना कर अपने इष्ट के श्रीचरणों में श्रद्धा का पुष्प चढ़ायेंगे.

## न्यूज अपडेट

### लालपुर चौक के पास कोड एंड कुक रेस्टोरेंट खुला




**रांची।** लालपुर चौक के पास एचबी रोड में ''कोड एंड कुक'' रेस्टोरेंट का उद्घाटन हुआ. रेस्टोरेंट की संचालक मौसमी सिंह ने बताया कि ये एक फैमिली रेस्टोरेंट है. जिसमें आप पूरे परिवार के साथ लजीज भोजन का लुत्फ उठा सकते हैं. खास बात यह है कि यहां इंडियन, साउथ इंडियन, मुगलई और चाइनीज समेत विभिन्न तरह के वेज और नॉन वेज आइटम किफायती मूल्य पर उपलब्ध हैं. साथ ही विद्यार्थियों का खास ख्याल रखते हुए उनके लिए स्पेशल डिस्काउंट की व्यवस्था है.

### हार्ट सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** दिवाली के मौके पर हार्ट सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इसमें करीब 20 लोगों ने रक्तदान किया. इस सामाजिक कार्य में हार्ट सेंटर की अनिंदिता, सागर कुमार सहित अन्य कर्मचारियों ने रक्तदान किया.

## शुभम संदेश में सजायी गयी रंगोली



**रांची।** धनतेरस के अवसर पर लगातार डॉट इन और शुभम संदेश कार्यालय में महिला कर्मचारियों ने रंगोली सजायी और उसकी पूजा की. रंगोली सजाने में एचआर मैनेजर कोमल सिंह, इवेंट मैनेजर रश्मि जायसवाल, सब एडिटर अभिलाषा शाहदेव, लेखा विभाग की प्रियंका सिंह एवं कुसुम शामिल रहीं.

## दिव्यांग बच्चों ने भी मनाई दीपावली



संवाददाता। रांची

बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी स्थित स्कूल कोशिश में शुक्रवार को सभी बच्चों ने दीया जलाया एवं दीपावली त्योहार मनाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की अध्यापिका दिपा चौधरी ने की. दीपावली के इस त्योहार में सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने साथ मिलकर रंगोली, तोरण और स्वस्तिक बनाया. साथ ही विभिन्न तरह के डेकोरेशन और क्राफ्ट दीया से बनाया. सभी बच्चों द्वारा दीया जलाकर सेलिब्रेशन शुरू किया. सभी सदस्यों ने मां लक्ष्मी तथा गणेश की पूजा अर्चना की. दीपावली में बच्चों ने फटाखे छोड़े,



फुलझड़ियां चलाईं व खुशियां मनाईं. कार्यक्रम में स्कूल के सभी बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के साथ स्कूल के शिक्षक -शिक्षिकाएं शामिल थे.

## बच्चों ने पेंटिंग कर मन मोहा

संवाददाता। रांची

गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन ने शुक्रवार को दिवाली पर राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय तिरिल में एक कार्यक्रम किया. इसमें छात्र छात्राओं के साथ ही मजदूरी करने वाले, घरों में काम करने वाले के बच्चों ने हिस्सा लिया. गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन ने बताया कि हमारा उद्देश्य गरीब बच्चों को चेहरे पर मुस्कान लाना है. साथ ही इस विषय में पेंटिंग के माध्यम से परिचर्चा करना है. इस दौरान बच्चों को जल संरक्षण थीम पर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कागज और रंगीन पेंसिल दिया गया. उन्हें पर्यावरण के संरक्षण के बारे में बताया गया. सभी बच्चों ने पर्यावरण और जल संरक्षण पर पेंटिंग बनाए. स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार और स्कूल की शिक्षिका एस महतो ने बताया कि ये गरीब बच्चे हैं. आसपास के प्राइवेट स्कूल देखकर इन बच्चों में



**खास बातें**

- राजकीयकृत प्रा विद्यालय तिरिल में कार्यक्रम का आयोजन
- बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई

भी ललक होती है कि वो भी कुछ अच्छा करें. किंतु गरीबी के कारण पढ़ाई मे पीछे छूट जाते हैं. कहा कि इनमें प्रतिभा की कमी नहीं है. बस जरूरत है दिशा देने की. पेंटिंग प्रतियोगिता में आशीष कुमार को तीसरा, ईशा कुमारी को दूसरा स्थान और कोमल कुमारी को पहला स्थान मिला. कार्यक्रम में गरिमा पॉजिटिव फाउंडेशन की अध्यक्ष सोहनी राय, सचिव परवाज़ खान, दित्या घोष, पुष्पा कुशवाहा, अजय कुमार और रवि मौजूद थे.

### संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च का जुबिली महोत्सव 19 को

**रांची।** बहूबाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में 19 नवंबर को चर्च का 150 वर्षीय जुबली महोत्सव व आनंद मेला का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर संत पॉल्स चर्च में प्रात 6.30 बजे से सामूहिक रविवारीय प्रभु भोज विनती मसीही समुदाय के लोगों द्वारा की जाएगी. पूर्वाह्न 11.30 बजे 150 वर्षीय जुबली महोत्सव का समापन होगा.12.30 बजे आनन्द मेले की शुरुआत होगी. मेले में 4 चर्च के लोग शामिल होंगे, जिनमें चर्च आफ नार्थ इंडिया, सामलौंग मंडली, चुटु युनिट समेत अन्य चर्च के लोग शामिल होंगे. मेले में प्रत्येक टोलों के सरपंचों को 2 स्टॉल आवंटित किये जाएंगे. प्रत्येक टोले से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी. मेले के दिन चार पहिया एवं दो पहिया वाहन का पड़ाव संत पौल्स हाई स्कूल मैदान में रखने की व्यवस्था की गयी है.

### सराहनीय — जिस सिविल कोर्ट में 30 साल मुंशी रहे, वहीं वकालत करेंगे

# भोला ने 50 की उम्र में लॉ की डिग्री हासिल की

संवाददाता। रांची




'संगत से गुण होत है, संगत से गुण जात' ये कहावत भोला प्रसाद साहू पर बिलकुल चरितार्थ होती है. भोला साहू पिछले करीब 30 वर्षों से वकीलों के बीच हैं. अब तक वे वकीलों के लिए मुंशी का काम करते थे, लेकिन वकीलों की संगत और वकालत के पेशे से इतने प्रभावित हुए कि करीब 50 वर्ष की उम्र में उन्होंने वकालत करने की ठान ली. भोला साहू ने कोडरमा से लॉ की पढ़ाई शुरू की. वर्ष 2020 में उन्होंने हजारीबाग के विनोबा भावे यूनिवर्सिटी से संबद्ध झारखंड विधि महाविद्यालय झुमरीतिलैया में एलएलबी में दाखिल लिया. उनका एलएलबी का कोर्स इस वर्ष पूरा हुआ. आपको यह जानकर हैरानी होगी कि जिस उम्र में लोग घर-गृहस्थी सहित काम-धंधे में व्यस्त रहते हैं, उस उम्र में भोला साहू ने सभी जिम्मेवारियां संभालते हुए पढ़ाई की और अपने बैच में प्रथम स्थान हासिल करते हुए लॉ की पढ़ाई पूरी की. भोला लॉ की डिग्री हासिल करने के बाद अब उसी सिविल कोर्ट में वकालत करेंगे, जिस सिविल कोर्ट में वे खुद और उनके पिता कभी वकीलों के मुंशी हुआ करते थे. भोला साहू की इस उपलब्धि से सिविल कोर्ट के अधिवक्ता काफी खुश हैं. लॉ की डिग्री मिलने के बाद भोला ने रांची में अपने साथी वकीलों को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया.

**खास बातें**

- झारखंड विधि महाविद्यालय झुमरीतिलैया से एलएलबी किया
- डिग्री मिलने के बाद साथियों न मिठाई खिला कर बधाई दी

### मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती आज

**रांची।** आजाद हाई स्कूल के शिक्षक कुर्बान अली ने कहा कि आजाद



भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है. उन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा के साथ -साथ संस्कृति संरक्षण को भी प्राथमिकता दी. उन्होंने संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी व ललित कला अकादमी की स्थापना की.

**रक्तदान शिविर आज :** मौलाना आजाद की जयंती के अवसर पर शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. अंजुमन अस्पताल के ज्वाइंट सेक्रेटरी नदीम इकबाल ने बताया कि शिविर का आयोजन अंजुमन अस्पताल में दोपहर 12 बजे से किया गया है.

## कैंब्रियन स्कूल में दीपोत्सव मना

संवाददाता। रांची

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में शुक्रवार को दीपोत्सव- 2023 का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि आनंदमयी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई. जिसमें बच्चों ने तोरण निर्माण, दीया, रंगोली सजावट और चित्रकारी की आकर्षक प्रस्तुति दी. बच्चों ने मोटे अनाजों के महत्व को प्रदर्शित करते हुए कई कलाकृतियां प्रस्तुत की.

मौके पर आनंदमयी सिंह ने कहा कि दीपावली का पर्व हमें न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है, बल्कि जीवन में यह नवीन, उत्साह, उमंग और ऊर्जा का भी संचार करता है. इस अवसर पर प्राचार्या डॉ.नीता पांडेय ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की.

चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों के द्वारा तैयार की गई कलाकृतियां न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि इससे बच्चों में अंतर्निहित गुणों को भी एक नई दिशा मिलती है. कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट शिक्षिका विभा कुमारी और अर्चना कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.



कैंब्रियन स्कूल में दीपोत्सव का शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि व शिक्षिकाएं.

धनतेरस पर लोगों ने खूब खरीदारी की. राज्य के हर शहर के चौक-चौराहे और गलियां इस पर्व पर गुलजार रहीं. बाजारों में लोग सुबह से ही खरीदारी के लिए पहुंचने लगे थे. मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की भीड़ देखी गई. स्टील, तांबा, पीतल, कांसा और अन्य धातुओं के बर्तन की दुकानें दुल्हन की तरह सजी थी. दीपावली के दीये और छठ के सामान भी खूब बिक रहे थे. जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया खरीदारों की भीड़ बढ़ती गई. सोना-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक सामान से लेकर दुपहिया-चार पहिया वाहनों के शो रुम में खरीदारों की भीड़ जमी थी. खिली धूप और साफ मौसम ने धनतेरस के उत्साह को और बढ़ा दिया था. राजधानी रांची, धनबाद, जमशेदपुर, हजारीबाग, गिरिडीह सहित अन्य शहरों में धनतेरस पर खूब सामान बिके. एक अनुमान के अनुसार झारखंड में करोड़ों रुपए की खरीदारी लोगों ने की. जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, वर्तन, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक सामान प्रमुख रुप से शामिल हैं. मान्यता को लेकर सबसे अधिक बिक्री झाड़ू की हुई. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में धनतेरस पर हुई खरीदारी की जानकारी हासिल की है. पेश है रिपोर्ट.

### क्या है मान्यता

यह पर्व हर वर्ष कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है. इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है. कहते हैं कि भगवान धन्वंतरि सोने के कलश के साथ प्रकट हुए थे. साथ ही त्रयोदशी के दिन ही आयुर्वेद के देवता धन्वंतरि की जयंती भी मनाई जाती है. ऐसा माना जाता है कि कोई भी धनतेरस के दिन खरीदारी करता है, तो उससे मां लक्ष्मी प्रसन्न रहती हैं और घर में सुख-शांति बनी रहती है.

- शहरों के चौक-चौराहे और गलियां गुलजार रहीं, दुल्हन की तरह सजी थी दुकानें
- लोग सुबह से ही खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंचने लगे थे, मंदिरों में पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ थी
- खूब बिके स्टील, पीतल और कांसे के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामानों की दुकानों में भी उमड़ती रही भीड़



# धनतेरस बाजार बूम पर

### आदित्यपुर

## धनतेरस पर सुबह से उमड़ी ग्राहकों की भीड़ ज्वेलर्स, बर्तन, कार के शो-रूम में लगी भीड़



आदित्यपुर के बाजारों में धनतेरस के सुअवसर पर सुबह से ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी. ज्वेलर्स, बर्तन, कार आदि के शोरूमों में लंबी भीड़ लगी रही.

#### मुकेश ज्वेलर्स एंड संस



प्रोपराइटर मुकेश कुमार ने बताया कि ज्यादा डिमांड सोने चांदी के सिक्के, चांदी के बर्तनों की रही. 10 ग्राम सोने का सिक्का 24 कैरेट 65200 और 22 कैरेट का सिक्का 60100 रुपये, 10 ग्राम चांदी के सिक्के 800 रुपये में बिका. यहां 5 ग्राम से 200 ग्राम के सिक्कों की मांग रही. लक्ष्मी गणेश की मूर्ति 10 ग्राम से लेकर 3 किलोग्राम तक की उपलब्ध रही जिसे ग्राहकों ने पसंद किया.

#### प्रकाश चंद्रा, मैनेजर सेल्स पेबको मोटर्स



पेबको मोटर्स के मैनेजर सेल्स प्रकाश चंद्रा ने कहा कि पिछले साल की अपेक्षा धनतेरस में कार का मार्केट बेहतर रहा. धनतेरस पर पेबको एरिना से कुल 78 कारों की डिलीवरी की गई. मार्केट बेहतर रहने की वजह से ही ग्राहकों को 15 से 25 हजार रुपये तक की छूट दी गई.

#### केके प्रसाद, बर्तन विक्रेता



धनतेरस में बर्तन की दुकान लगाने वाले केके प्रसाद ने बताया कि बाजार अच्छा है, स्टील के साथ लोग कांसा, पीतल के बर्तन, पूजा के लिए लक्ष्मी गणेश की मूर्ति और घंटी खरीद रहे हैं. उम्मीद है धनतेरस का मुहूर्त कल तक का है तो बाजार अच्छा रहेगा और लोग जरूरत की चीजें खरीदकर धनतेरस मनाएंगे.



### चक्रधरपुर

## धनतेरस पर सुबह से लेकरदेर रात तक दुकानों पर रही भीड़

धनतेरस पर चक्रधरपुर के बाजार में खूब रौनक रही. लोगों ने धनतेरस पर जमकर खरीदारी की.धनतेरस को लेकर दुकानें सजायी गई थी. इस अवसर लोगों ने सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर, दो पहिया गाड़ियां, झाड़ू सजावटी के सामान इत्यादि की खरीदारी की. सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन व आभूषणों के दुकान पर दिखी. बर्तन दुकानों में लोगों ने रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले बर्तनों के अलावे पूजा के बर्तनों की खरीदारी की. इसमें पीतल के दीये,पूजा डाला, प्लेट इत्यादि जमकर बिके. वहीं कई लोगों ने जरूरत के हिसाब से स्टील व कांसा के बर्तनों की भी खरीदारी की. इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में फ्रीज, टीवी, साउंड सिस्टम, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप, मोबाईल, पंखा समेत अन्य सामानों की खरीदारी की. देर शाम तक बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रहीं. चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में धनतेरस की खरीदारी करने के लिए लोग पहुंचे थे.

#### लगभग तीन करोड़ से अधिक का हुआ कारोबार, स्कूटी की खूब बिक्री हुई

✓ धनतेरस के अवसर पर चक्रधरपुर में लगभग तीन करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ. इस वर्ष मोटरसाइकिल की तुलना में स्कूटी की बिक्री अधिक रहीं. इसके लिए लोगों ने धनतेरस की बुकिंग पहले ही एडवांस बुकिंग करा लिया था, जिसकी डिलिवरी धनतेरस पर लिया.वहीं सोने-चांदी के आभूषणों में ज्यादातर लोगों ने चांदी के सिक्के की खरीदारी की.

#### सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री

✓ धनतेरस पर शुक्रवार को सोना, चांदी के आभूषणों के दुकान पर भीड़ रहीं. चक्रधरपुर में आभूषण दुकानदारों ने बताया कि चांदी की तुलना सोने के जेवरों की ज्यादा डिमांड रहीं. सोने के जेवरों में अंगूठी, कान के बाली, झुमके, हाथ के कंगन, सोने के चेन इत्यादि की बिक्री हुई. वहीं चांदी के सामानों में चांदी के सिक्के, गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति, छोटे बर्तन इत्यादि की लोगों ने खरीदारी की.

#### धनवंतरि की हुई पूजा

✓ धनतेरस पर लोगों ने घरों व दुकानों में धनवंतरि की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की. खासकर लोगों ने भगवान धनवंतरी, कुबेर, यम व भगवान लक्ष्मी-गणेश की पूजा अर्चना की. इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों को आकर्षक बिजली लाईटों से सजाया था.

### धनबाद

## बाजार बूम पर, कारोबारियों के चेहरे खिले

धनतेरस को लेकर धनबाद के बाजारों में शुक्रवार को सुबह से ही बाजारों में रौनक रही. जैसे-जैसे दिन बीता बाजार ग्राहकों से पट गया. हर सेक्टर में खरीदारी होती रही. हर सेक्टर में कारोबारियों ने अच्छा कारोबार किया. कारोबारियों की मानें तो इस धनतेरस में धनबाद में 400 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार रहा. इस बार भी सर्राफा, ऑटोमोबाइल सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर व रियल स्टेट जैसे बड़े सेक्टरों में ग्राहकों ने एडवांस बुकिंग कर रखी थी. धनतेरस के दिन समानों की डिलीवरी की गई. इस बार ऑटोमोबाइल क्षेत्र में 100 करोड़, सर्राफा 100 करोड़, इलेक्ट्रॉनिक्स 20 करोड़, फर्नीचर 20 करोड़, रियल स्टेट 60 करोड़, मॉडर्न गैजेट्स (मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट) 20 करोड़, किचन व होम अप्लायंस 15 करोड़, झाड़ू 8 करोड़, पूजा सामग्री 2 करोड़ और बर्तन बाजार में 15 करोड़ कारोबार होने का अनुमान कारोबारियों ने लगाया.



#### सोना चांदी से चमका सर्राफा बाजार

सर्राफा कारोबारियों की मानें तो इस धनतेरस 100 करोड़ का कारोबार रहा. सोना-चांदी की चमक से बाजार गुलजार रहा. व्यवसायियों ने ग्राहकों को विशेष ऑफर से लुभाया. ग्राहकों में भी खरीदारी में उत्साह दिखाया. आभूषणों की डिलीवरी धनतेरस के शुभ मुहूर्त में की गई. वहीं कई लोगों ने धनतेरस के दिन ही खरीदारी की.

#### पूरे दिन होती रही वाहनों की डिलीवरी

विभिन्न शोरुम प्रबंधकों के अनुसार पुरे दिन वाहनों की डिलीवरी होती रही. बुकिंग इतनी अधिक आने लगी कि वाहन कम पड़ गए. दो चक्का में होंडा, टीवीएस, बजाज, रॉयल इनफील्ड, हीरो, होंडा सहित अन्य कंपनियों की बाइक डिलीवर की गई. चार चक्का में हुडई, टाटा, टोयटा, महिन्द्रा सहित अन्य कंपनियों के वाहन डिलीवर हुए.

#### इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की खूब रही डिमांड

इलेक्ट्रॉनिक बाजार बूम पर रहा. इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री में टीवी, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन, आयरन, गीजर सहित अन्य सामानों की खूब बिक्री हुई. पहले से बुक हुए सामान धनतेरस के दिन सुबह से ही डिलीवर होते रहे. इस सेक्टर के व्यवसाई जिले में 20 करोड़ के कारोबार का अनुमान लगाया. धनबाद झरिया, निरसा कतरास सहित अन्य बाजारों में धूम रही. इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स पर विशेष ऑफर दिए गए. कई बैंक ने भी ग्राहकों को ईएमआई का ऑप्शन दिया. लेटेस्ट गैजेट्स युवाओं की पहली पसंद बनी. टेबलेट, लैपटॉप, मोबाइल, इलेक्ट्रोनिक व ट्रेंडी स्मार्टवॉच की बिक्री अच्छी खासी रही.

#### बर्तनों की खूब हुई खरीदारी

धनतेरस पर अधिकांश लोगों ने बर्तनों की भी खरीदारी की. कारोबारियों के अनुसार धनतेरस में करीब 15 करोड़ के बर्तन का कारोबार हुआ. जिले के विभिन्न बाजार से लेकर मुहल्ले तक बर्तनों की दुकानें सजी थी. व्यवसाय भी अपनी दुकानों में विभिन्न प्रकार के बर्तन रखे, जो ग्राहकों को पसंद आए. अलग-अलग डिजाइन के ब्रांडेड से लेकर लोकल बर्तन बिके.

#### रियल एस्टेट में भी दिखा रुझान

रियल एस्टेट का कारोबार इस बार उछाल में है. धनबाद में लगभग 100 से अधिक फ्लैट की प्री बुकिंग हुई. लगभग 50 करोड़ का कारोबार इस बार रियल एस्टेट में किया गया. सूर्या रियलकॉन में लगभग 35 फ्लैट और डुप्लेक्स की बुकिंग हुई. वहीं 99 बिल्डर के 36 फ्लैट बुक हुए. लोगों का रुझान विला और बड़े लग्जरी होम को लेकर सर्वाधिक देखने को मिला. नालंदा बिल्डर के 10 फ्लैट की बुकिंग हुई. सभी ने धनतेरस पर फ्लैट की चाभी ऑनर को दिया.

#### फर्नीचर की होती रही खरीदारी

इस बार लगभग 20 करोड़ रुपए का कारोबार फर्नीचर सेक्टर में हुआ. ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ बाजारों में दिखी. लोगों ने धनतेरस से पूर्व ही अपने पसंद के फर्नीचरों की बुकिंग कर रखी थी. पलंग, कुर्सी, डाइनिंग टेबल, अलमीरा सहित अन्य तरह के फर्नीचर ग्राहकों की पहली पसंद रही. ग्राहकों को ईएमआई से लेकर आकर्षक ऑफर और छूट मिली.

#### होम अप्लायंस का बाजार रहा गुलजार

किचन, होम अप्लायंस के कारोबार ग्राहकों से गुलजार है. व्यवसायियों के अनुसार इस बार लगभग 15 करोड़ रुपए का कारोबार रहा. ग्राहकों की पसंद को ख्याल में रख कर सामान मंगाए गए थे. दुकानें भी आकर्षक रूप से सजाई गई थी.

#### पूजन सामग्री की भी खूब बिक्री हुई

धनतेरस को लेकर पूजा सामग्री की अच्छी बिक्री रही. दीया - बाती, पूजा के बर्तन, नारियल, सूखा नारियल, पंचमेवा, धूप, कपूर, अगरबत्ती, रुई सहित अन्य पूजन सामग्री की जिले में करीब दो करोड़ रुपए का हुआ. पूजा सामग्री की दुकानें बाजार से लेकर मुहल्ले तक लगाई गई थी. धनतेरस के दिन भी पूजन सामग्रीयों की खरीदारी होती रही.

#### झाड़ू खरीदने का शगुन, घर- घर पहुंचा

धनतेरस में झाड़ू का बाजार करोड़ो का रह. हर घर के लिए झाड़ू की खीरदारी हुई. जिस झाड़ू की कीमत आम दिनों में 70 से 150 रूपए तक रहती है. वही झाड़ू धनतेरस के दिन 200 रूपए तक बिकी. झाड़ू की डिमांड काफी अधिक रही.

### साहिबगंज

## लोगों ने जमकर की खरीदारी मिले ऑफर का उठाया लाभ



धनतेरस पर यहां बाजार में खूब रौनक रही. सोने, चांदी, हीरे, मोती के आभूषण, फ्रिज, अलमारी, भगवान की मूर्ति, पीतल, तांबा, कांसा, स्टील के बर्तन, घड़ी, घंटा, लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, झाड़ू, मिट्टी के दिये, चाइनीज बिजली बल्ब, डेकोरेशन के समान और इलेक्ट्रॉनिक आइटम की खूब बिक्री हुई. विभिन्न कंपनियों ने लोक लुभावन वादे के साथ अपने सामान बाजार में पेश की. कहीं कहीं तो शून्य प्रतिशत ब्याज पर भी सामान बेचे गए. यहां तक कि पुराने सामान के बदले नए सामान जैसे स्मार्टफोन आदि की बिक्री की गई. एक से बढ़कर एक ऑफर बाजार में दिया गए. कई जगह तो एक की खरीदारी पर एक सामान मुफ्त का भी ऑफर था. कई जगह 5 हजार की खरीदारी 500 रु की मुफ्त खरीदारी का भी ऑफर था. ग्राहक इस योजना का पूरा लाभ उठाते देखे गए. लोग 0% ब्याज पर फ्रिज कूलर, एसी, अलमारी की खरीदारी करते देखे गए. सोने चांदी की दुकान में भी खूब भीड़ थी. सोने और चांदी के सिक्के की काफी डिमांड देखी गई.बाजार में चाइनीस विद्युत सज्जा की भरमार थी. 35 रुपए से लेकर हजारों रुपए के बिजली के बल्ब बिक रहे थे.

### तिसरी (गिरिडीह)



## धनतेरस पर तिसरी में भी हुई खूब खरीदारी

धनतेरस को लेकर शुक्रवार को तिसरी प्रखंड में भी भारी चहल पहल रही. बाजार में खरीदारों की भीड़ देर रात तक रही. खासकर शाम के समय चौक और बाजारों में लोगों की भीड़ अधिक देखी गई. प्रखंड के तिसरी चौक, चंदौरी, गुमगी आदि मुख्य बाजारों में शाम से देर रात तक लोगों की चहल - पहल रही.

मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन बर्तन, झाड़ू आदि की खरीदारी करना शुभ माना जाता है. इसलिए बर्तन दुकानों में सबसे अधिक खरीदारी करते लोगों की भीड़ दिखी. इसमें ज्यादातर महिलाएं खरीदारी करतीं नज़र आयीं. वहीं आतिशबाजी के लिए पटाखों की भी खूब खरीदारी हुई.

### बेंगाबाद (गिरिडीह)



## खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

धनतेरस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को गिरिडीह सहित बेंगाबाद बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी. बेंगाबाद मुख्य बाजार स्थित जेवर दुकान, बर्तन दुकान समेत अन्य प्रतिष्ठानों में ग्राहकों की भारी भीड़ लगी रही. लोग अपनी पसंद की चीजों की खरीदारी ने व्यस्त दिखे. विशेष कर जेवर एवं बर्तन के दुकान में ग्राहकों की ज्यादा भीड़ पाई गई. धनतेरस के शुभ अवसर पर सोना चांदी के आभूषण के अलावे स्टील, तांबा एवं पीतल की बर्तनों की जमकर खरीदारी हुई. बताया जाता है कि धनतेरस के अवसर पर बेंगाबाद में लाखों का कारोबार हुआ.उधर बाजार में उमड़ी भीड़ के कारण बेंगाबाद मुख्य बाजार में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई. दुकानों के सामने दो पहिया वाहनों एवं ग्राहकों की भीड़ के कारण बाजार में जाम लगा रहा.

### रांची

## राजधानी में जमकर बरसा धन



धनतेरस पर चारों ओर खूब धन बरसा. लोगों ने जमकर खरीदारी की. दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहन के शो रूम में तो रौनक रही ही, शहर के चौक-चौराहों पर सजे बर्तन, साज-सज्जा और घरेलु उपयोग की वस्तुओं के स्टालों पर भी भारी भीड़ रही. सुबह से देर शाम तक ग्राहकों का तांता लगा रहा. माना जाता है कि धनतेरस पर जो भी वस्तु घर लाया जाता है, उसमें तेरह गुना वृद्धि हो जाती है. इसी भाव से लोग ज्यादातर सोना-चांदी और मूल्यवान वस्तुओं की जमकर खरीदारी की. शहर के छोटे-बड़े व्यापारी प्रतिष्ठानों में साज-सज्जा कर ग्राहकों तो लुभाया ही, कई तरह की विशेष छूट और सुविधाएं भी प्रदान की. इससे बाजार पूरी तरह गर्म रहा. वाहन, सोना-चांदी और इलेक्ट्रिकल् आइटम के शोरूम में कई दिनों पहले से ही लोगों ने अपने जरुरत के समानों की बुकिंग करा रखी थी, ताकि धनतेरस पर नवीन वस्तु शुभ मुहूर्त में घर लाया जा सके. पंडितों और विद्वानों के अनुसार शुक्रवार को दोपहर साढ़े 12 बजे के बाद खरीदारी का शुभ मुहूर्त बताया गया था. इस कारण पूर्वाह्न बाद बाजार में भारी भीड़ रही. क्या सड़क और व्यापारिक प्रतिष्ठान लोगों से खचा-खच भरा रहा. शोरूप में खरीदे गये दोपहिया और चारपहिया वाहन के साथ चाबी लेते हुए फोटो लेने की होड़ लगी रही. लाल फीते और गुबारे से सजे लक्जरी वाहन खरीदकर लोग शान से पहले मंदिर पहुंच पूजन कराया, फिर घर लौटे तो इंतजार कर रहे परिवारजनों ने भी नूतन वाहन की आरती उतार कर धनतेरस में मंगल कामनाएं की. आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने भी अपने बजट के अनुसार धनतेरस की खरीदारी की. झाड़ू और साबूत धनिया भी खास तौर से खरीदा गई. देर रात तक रंग-गिरंगी लाइटों से जगमगहट में खरीदारी होती रही.

### हजारीबाग

## खूब बिके दो पहिया-चार पहिया वाहन जेवर दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़

गौरव प्रकाश

शुक्रवार को धनतेरस के साथ दीपावली पर्व का आगाज हुआ. धानतेरस पर खरीदारों की भीड़ बाजारों में उमड़ी. लोगों ने जमकर खरीदारी की. बाजार में धन की वर्षा हुई. एक अनुमान के अनुसार जिले में 60 करोड़ का कारोबार हुआ. हजारीबाग शहर की सड़के लोगों से खचाखच भरी रही.

**पसंद की सामग्री :** जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी. उपभोक्त अपनी पसंद की सामग्री जैसे इलेक्ट्रानिक गुड्स फर्नीचर, होम एप्लाएंसेस पहले ही पसंद कर चुके थे. सिर्फ प्रतीक्षा थी शुभ धनतेरस की. शुक्रवार को दोपहर बारह बजे के बाद से ही ग्राहकों का हुजूम सड़कों पर उमड़ पड़ा.देर रात तक बाजार में भीड़ रही. अग्रिम बुकिंग कराने के बावजूद कार से लेकर चारपहिया वाहनों की खरीदारी को लेकर लोग को घंटों इंतजार करना पड़ा.

**दुकानें गुलजार थी :** धनतेरस पर ज्वेलरी शोरूम, इलेक्ट्रॉनिक शोरूम, बर्तन दुकान, ऑटो मोबाइल शोरूम सहित अन्य सभी दुकानें गुलजार थी और ग्राहक अपनी-अपनी पसंद की सामग्री खरीदने में मशगूल थे. ग्राहकों को लुभाने के लिए कुछ न कुछ ऑफर भी दिए गए थे, जिसके चलते ग्राहक आकर्षित होकर खरीदारी कर रहे थे. ज्वेलरी दुकानों में कहीं मेकिंग चार्ज फ्री तो कोई मुफ्त सिक्के दिए.

**उपहार व विशेष छूट :** इलेक्ट्रॉनिक दुकानों ने किसी भी खरीदारी पर एक निश्चित उपहार व विशेष छूट दिए गए.ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शोरूम के लोगों ने ग्राहकों के लिए ट्रॉली बैग, एयर बैग, डिनर सेट, इंश्योरेंस फ्री सहित कई अन्य छूट भी दिए है. धनतेरस को लेकर जेवर दुकानों ने इसकी खूब तैयारी कर रखी थी. धनतेरस में करीब 50 से 60 करोड़ रुपए का कारोबार हुआ, जो पिछले साल की तुलना में अधिक है.

**इलेक्ट्रॉनिक सामान :** लेक्ट्रॉनिक में अजीम इलेक्ट्रॉनिक्स, रेडियो विजन, न्यू मुन्ना इलेक्ट्रॉनिक, कुंदन इलेक्ट्रॉनिक्स, कृष्णा सेल्स, एनआर ट्रेडर्स, केसरी इलेक्ट्रॉनिक सहित अन्य कई इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में एलईडी टीवी, फ्रिज,वाशिंग मशीन, होम थिएटर, कूलर, गीजर, मिक्सर पंखा सहित अन्य सामान प्रचुर मात्रा में उपलब्ध कराया गया है.

**जेवर दुकानों में भीड़ :** अलंकार ज्वेलर्स, श्री अलंकर ,तनिष्क, जेवर, न्यू जेवर समेत एक दर्जन से अधिक जेवर दुकानों में भीड़ देखने को मिली. दुकानदारों ने ग्राहकों को सहूलियत हो इसके लिए गार्ड का भी व्यवस्था कर रखी थी.



यही नहीं सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे. खास कर चांदी - सोने के सिक्के, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां, सोने के आभूषण लोगों ने दिल खोलकर खरीदे. आलम यह था कि खरीदारी करने के लिए ग्राहकों को घंटों इंतजार भी करना पड़ा. लेकिन ग्राहकों के चेहरे पर धनतेरस की खुशी भी दिख रही थी.

**वाहन बाजार :** दो पहिया गाड़ी की बात की जाए तो हीरो के 225, होंडा के 300 और यामाहा के 200 से अधिक गाड़ी बिकी.बुलेट के शुरू में भी काफी भीड़ देखने को मिली. कुछ इसी तरह के हाल चार पहिया गाड़ी के शोरूम में भी देखने को मिली.

**जमीन की खरीदारी :** धनतेरस के अवसर पर लोगों ने जमीन की खरीदारी भी जमकर की है. हजारीबाग रजिस्ट्री ऑफिस में करीब 40 से अधिक केवाला किया गया. ऐसे में अनुमान लगाया जाता है कि करोड़ों रुपया का जमीन की खरीदारी भी धनतेरस के दिन हुई है. देर शाम तक रजिस्ट्री ऑफिस में जमीन रजिस्ट्री करने वालों की भीड़ देखने को मिली.

### बेरमो

## बाजारों में रौनक, लोगों ने जमकर खरीदारी की

दीपावली व धनतेरस की खरीदारी को लेकर बेरमो कोयलांचल के बाजार में रौनक है. बेरमो के फुसरो बाजार, कथारा और गोमिया सहित आसपास के बाजारों में शाम को लोग घर से निकले और सामर्थ के अनुसार खरीदारी की. सजावट, रंग बिरंगी इलेक्ट्रॉनिक लाइट, मिट्टी की गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा, वर्तन, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की टीवी, फ्रिज, एलईडी, म्यूजिक सिस्टम सहित फर्नीचर की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी गई, दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष कोरोना काल था. आर्थिक नुकसान हुआ था. उसकी भरपाई इस वर्ष पूरा होने की उम्मीद है. दुकानदारों ने बताया कि धनतेरस के दिन घरेलू समाग्री खरीदारी करना शुभ माना जाता है. इसलिए लोग कुछ न कुछ खरीदने के लिए आते हैं. क्षेत्र के दुकानदार, ग्राहकों को लुभाने के लिए अपनी अपनी दुकानों को सुसज्जित कर रखते हैं, ताकि ग्राहक उसी की दुकान में आए. आर्थिक मंदी के बावजूद भी बेरमो के फुसरो, कथारा, गोमिया, बोकारो थर्मल सहित आसपास के क्षेत्र में लगभग पांच करोड़ से ज्यादा का करोबार होने का अनुमान है. दुकानदारों का कहना है कि यदि ऑनलाइन खरीददारी नहीं होती तो व्यापार और अधिक होता.





फुसरो के सैमसंग स्मार्ट प्लाजा दुकान के मालिक रवि सिंह ने बताया कि सैमसंग फ्रेम की एक टीवी सबसे महंगी कीमत दो लाख चालीस हजार रुपये में बिकी. इसके अलावा डबल डोर का फ्रिज एक लाख सत्तर हजार रुपये में बिकी है.

### लातेहार

## बाजार में उमड़ी भीड़, खूब हुई खरीदारी

धनतेरस पर लातेहार के बाजार में खूब भीड़ उमड़ी. लोगों ने इस मौके पर जरुरत के सामान की खरीदारी की. केंद्रीय विद्यालय का छात्र आदित्य राज ने कहा कि उसे साइकिल की जरूरत थी. इसलिए उसने धनतेरस पर एक साइकिल खरीदी है. इससे उसे स्कूल जाने में आसानी होगी. आदित्य ने कहा कि वह पहले से ही साइकिल लेने की सोच रहा था, लेकिन घर वालों ने कहा कि धनतेरस एक शुभ दिन होता है, इसलिए वह धनतेरस पर ही साइकिल खरीदी और आज ही इसकी पूजा भी की है.

#### रस्म अदायगी की जा रही : पूनम देवी

गृहणी किरण देवी ने कहा कि महंगाई का असर बाजार में है. हर चीज महंगी हो गयी है. खास कर स्टील व पीतल के बर्तनों की कीमतों में आग लगी हुई है. लोग अब बस धनतेरस में रस्म अदायगी ही कर रहे हैं. उन्होंने भी स्टील व पीतल के छोट मोटे बर्तन खरीदे हैं. इसके अलावा पूजा के अलावा भगवान गणेश व माता लक्ष्मी की प्रतिमा व कैलेंडर की खरीददारी की है.

#### कीमतें अधिक थी : किरण देवी

गृहणी किरण देवी ने कहा कि धनतेरस के मौके पर खरीदना तो बहुत कुछ था, लेकिन कीमत अधिक होने के कारण अधिक कुछ नहीं खरीद सकी. वैसे भी धनतेरस में सभी ज्वैलरी, बर्तन व अन्य सामानों के कीमतों में हमेशा वृद्धि देखी जाती है. कुछ घरेलु सामान खरीदा है. छोटे मोटे बर्तन व चांदी के सिक्के खरीदे हैं. इसके अलावा बच्चों की जरूरत की सामान की खरीदारी की है.

### गोड्डा

## बाजार में दिखा जबरदस्त उत्साह, उमड़ी भीड़



धनतेरस को लेकर बाजार में दोपहर बाद से ही खरीदारी शुरू हो गई थी. खासकर बर्तन की दुकान में लोगों की ज्याद भीड़ देखी गई. दोपहर के बाद से ही बाजार में भीड़ होने शुरू हो गई थी. लोग जगह-जगह खरीदारी करते दिखे. बर्तन का बाजार दुकान से लेकर सड़कों के किनारे तक पसरा हुआ था. कई दुकानदार जिले के बाहर से अपने माल बेचने आए हुए थे. दुकानदार विनोद शर्मा ने बताया कि वह देवघर से हर वर्ष धनतेरस के अवसर पर गोड्डा बाजार आते हैं और माल बेचकर जाते हैं. उन्होंने बताया कि देवघर से आकर गोड्डा के बाजार से सस्ते पर हमारा सामान उपलब्ध रहता है. इस वजह हमें माल बेचने में ज्यादा परेशानी नहीं होती है. मिठाई की दुकान में भी भीड़ देखी गई. बर्तन व्यापारी जानू टेकरीवाल के अनुसार गोड्डा में धनतेरस की तीन से चार करोड़ की खरीदारी हुई.

### चंदवा



## महंगाई का नहीं दिखा ज्यादा असर खरीदारी के लिए उमड़ती रही भीड़

धनतेरस पर महंगाई का असर ज्यादा देखने को नहीं मिला. शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर शहर के मुख्य सड़क के किनारे मिठाई से लेकर हर प्रकार की दुकानों में भीड़ देखने को मिली. स्टील, कांसा, पीतल के बर्तन, साजो-सामान समेत दीपावली में उपयोग में आने वाली चीजों की दुकानों में लोग उमड़ पड़े. बाजार में दिन भर चहल पहल रही. दोपहर ढलते ही दुकानों में खरीददारों का जमावड़ा लगने लगा. लोग बढ़ती महंगाई में भी अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी करते रहे. धातु के बर्तन, मूर्ति, झाड़ू समेत अन्य चीजों की खूब खरीदारी हुई.

#### दुकानदार बोले- लोगों ने क्षमता के अनुसार की खरीदारी

धनतेरस को शुभ लक्ष्मी का दिन माना जाता है. धनवंतरी का दिन माना जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन धातुओं की खरीदारी करने से घर पर लक्ष्मी का आगमन होता है और पूरे वर्ष घर में सुख-शांति बनी रहती है. घर धन संपदा से भरा रहता है. इस अवसर पर दुकानदार भी दुकान सजा कर ग्राहक को लुभाने के लिए कई जतन करते हैं. दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ वर्ष तो महामारी में गुजर गया. दुकानदारों का कहना है कि बाजार में बहुत ज्यादा रौनक नहीं थी, पर ग्राहकों ने अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी की.

### देवघर



## बाबा नगरी में भी खूब हुई खरीदारी

धनतेरस के मौके पर बाबा नगरी देवघर में दुकानें गुलजार रहीं. आभूषण, बर्तन, धातु के अन्य सामान, पूजा के सामान से लेकर वाहनों के शो रूम में लोगों की भीड़ रही. लोगों ने अपने जरुरत के हिसाब से खूब खरीदारी की. कारोबारियों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए अपने स्तर पर भी तैयारी की थी. कनिष्क इंटर प्राइजेज के मालिक कनिष्क ने बताया कि 33 रुपये प्रतिदिन से लेकर 3 हजार की ईएमआई पर सामान उनके शो रुम में उपलब्ध थे. कनज्यूमर ड्यूरेबल फ्रीज, वाशिंग मशीन, टीवी, अलमीरा जैसे बड़े सामान ठेला और टोटो पर लादकर घर ले जाते देखे गए. शाम को बाजारों में खरीदारों की ज्यादा भीड़ रही. सोने-चांदी के आभूषण, स्टील के बर्तन के साथ साथ झाड़ू की खूब डिमांड रही. करोबारियों को उम्मीद है कि शनिवार को भी खरीदारों की भीड़ उमड़ेगी.

### जामताड़ा



## शहर से लेकर गांव तक के बाजार रहे गुलजार

धनतेरस को लेकर शुक्रवार को जामताड़ा बाजार सहित ग्रामीण इलाकों के फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, सर्राफा, गैजेट्स, पूजन सामग्री व अन्य दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की .जहां सुबह से ही टू व्हीलर शो रूम में बाइक की डिलिवरी आरंभ थी .वही चारपहिया वाहनों के शो रूम में ग्राहकों की भीड़ देखी गई .इस संबंध में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि उम्मीद है कि लगभग 20-22 करोड़ रुपए की खरीदारी का अनुमान है .खासकर ऑटोमोबाइल सेक्टर में 10-12 करोड़ रुपए के दोपहिया,चारपहिया व बैट्री वाहनों की बिक्री हो सकती है.

### जमशेदपुर

## खूब हुआ कारोबार, सभी सेक्टर रहे गदगद

**धनतेरस पर लौहनगरी के बाजारों में खूब रौनक दिखाई दी. बाजार खरीदारों से गुलजार रहे और लोगों ने भी जमकर खरीदारी की. जिले में धनतेरस पर बाजारा 400 करोड़ रुपए से अधिक का करोबार होने की उम्मीद है. साकची, बिष्टुपुर, गोलमुरी, कदमा, टेल्को, बर्मामाइंस समेत तमाम बाजारों में सुबह से ही भीड़ दिखी. सोने-चांदी और डायमंड के आभूषणों के अलावे इलेक्ट्रानिक सामान और कार-बाइक की बिक्री खूब हुई. इस धनतेरस में हुए इस कारोबार से दुकानदार भी खुश नजर आए. एक आंकड़े के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सोने-चांदी के आभूषणों की बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक उछाल रहा. अधिकतर परिवारों ने अपने लिए सोने व चांदी के सिक्कों की खरीदारी की. इलेक्ट्रिक वाहनों की भी अच्छी डिमांड रही. वहीं, दो पहिया वाहनों की जमकर खरीदारी की गई. जिन लोगों ने पहले से अपने लिए वाहनों की बुकिंग करा ली थी, उन्हें धनतेरस के दिन डिलीवरी दी गई. इसके अलावा रियल एस्टेट, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की खरीदारी के लिए शोरूम में ग्राहकों की भीड़ रही.**





#### • सोना-चांदी : 120 करोड़

सर्राफा बाजारों में धनतेरस की धूम रही. सभी शोरूम में सोने-चांदी के अलावा हीरे की ज्वेलरी की लेटेस्ट फैशन व डिजाइन में एक से बढ़कर एक ज्वेलरी की लंबी रेंज में जमकर खरीदारी हुई. जानकारों की माने तो सर्राफ मार्केट में काफी सुधार हुआ है. इसलिए धनतेरस के अवसर शहर में 120 करोड़ का कारोबार हुआ. इनमें सोने व चांदी के सिक्कों की सबसे ज्यादा बिक्री हुई. वहीं, डायमंड की भी ज्यादा मांग रही. दोपहर से ही दुकानों में भीड़ उमड़ने लगी थी. कई आभूषण दुकान सोने व डायमंड की मेकिंग पर 25 से 30 प्रतिशत की छूट दे रहे थे, इसके कारण भी कई खरीदारों ने बचत को देखते हुए आभूषणों की जमकर खरीदारी की.

#### • ऑटोमोबाइल सेक्टर : 200 करोड़

ऑटोमोबाइल में दो या चार पहिया के अलावा कॉमर्शियल छोटे और भारी वाहनों की काफी डिमांड रही. इस साल 40 प्रतिशत मार्केट ग्रोथ किया और लगभग 200 करोड़ का कारोबार हुआ. इसमें कुछ हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की भी रही. सभी शोरूम में अच्छी भीड़ रही. यहां दो पहिया वाहनों में रॉयल इनफील्ड, स्प्लेंडर प्लस, होंडा के बाइक, यामाहा आर वन और केटीएम के कई मॉडलों की जिन्होंने प्री बुकिंग कराई थी, उन्होंने धनतेरस के दिन उसकी डिलीवरी ली. वहीं, चार पहिया वाहनों में मारुति, हुंडई, महिंद्रा, मर्सिडीज सहित कंपनियों के वाहनों की अच्छी बिक्री हुई.

#### • इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार : 50 करोड़

शहर के इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में धनतेरस के दिन लोगों ने एलईडी टीवी, सिंगल व डबल डोर फ्रिज, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेब, सहित नए मॉडल वाले मोबाइल फोन व लैपटॉप खरीदे. कई इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में धनतेरस को ध्यान में रखकर कई आकर्षक उपहार ग्राहकों को दे रहे थे. इसके अलावा लकी ड्रा और स्क्रैच कार्ड, शून्य डाउन पेमेंट, जीरो प्रोसेसिंग चार्ज की सुविधा भी थी. शहर में सबसे महंगा सैमसंग 98 इंच का एलइडी टीवी बिकी, जिसकी कीमत 12 लाख रुपये है.

#### • बर्तन बाजार : 20 करोड़

बर्तन बाजार में अच्छी भीड़ देखी गई. लोगों ने अपनी जरुरत के बर्तनों की खरीदारी की. स्टील, पीतल और अन्य धातुओं के बर्तनों की खरीदारी लोगों ने की. सबसे अधिक स्टील के बर्तन बिके, जबकि बर्तन स्टैंड, स्टेनलेस स्टील के सामान सहित पीतल व कांसे के बर्तनों की खरीदारी की गई. माइक्रोवेब और इंडक्शन चूल्हा की अच्छी डिमांड रही. श्री इन वन प्रेशर कुकर, अप्पम मेकर, इडली के बर्तन की भी खूब खरीदारी हुई.

#### • एक करोड़ के बिके झाड़ू

मान्यता है कि धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदना शुभ होता है. इसके कारण भी शनिवार को झाड़ू लोकल मेड वाले 40 रुपये से लेकर ब्रांडेड झाड़ू 170 रुपये तक में बिके. मान्यता के अनुसार अधिकतर लोग यहां दो झाड़ू खरीदते हैं. यही कारण है कि बिक्री का आंकड़ा बढ़ गया.

